दिनांक 5 मई 2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

अमृत मिशन फेस टू के तहत नवनिर्मित हाउसिंग बोर्ड पानी टंकी से जल प्रदाय के लिए की जा रही है टेस्टिंग

भिलाई नगर/ अमृत मिशन फेस टू के तहत नवनिर्मित हाउसिंग बोर्ड पानी टंकी से जल प्रदाय के लिए टेस्टिंग की जा रही है , टंकी में पानी भरकर डिस्ट्रीब्यूशन पाइप लाइन से सप्लाई किया जाएगा जिसकी प्रक्रिया प्रारंभ करने का कार्य किया जा रहा है ताकि हाउसिंग बोर्ड एवं आसपास के क्षेत्रों को जल प्रदाय किया जा सके! नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अमृत मिशन फेस टू के तहत हाउसिंग बोर्ड पानी टंकी का निर्माण किया गया है घरों तक पानी पहुंचाने के लिए इस टंकी से वितरण पाइपलाइन बिछाई गई है, जिसकी सफाई की जा चुकी है ताकि शुद्ध पेयजल क्षेत्रवासियों को मिल सके! महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव तथा आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है जिसके तारतम्य में अधिकारियों द्वारा शुद्ध पेयजल प्रदाय करने कार्य किया जा रहा है! कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हाउसिंग बोर्ड के समीप के क्षेत्रों को जल प्रदाय करने के लिए ओवरहेड टैंक का निर्माण किया गया है जिसकी क्षमता 32 लाख लीटर की है तथा वितरण पाइपलाइन लगभग 35 किलोमीटर तक बिछाई गई है

जनसंपर्क अधिकारी